# प्रेस विज्ञप्ति

## आपदा प्रबंधन विभाग

## 30 जुलाई, 2025

**<u>आपदा प्रबंधन विभाग में सम्पूर्ति पोर्टल के नवीन मॉड्यूल पर ऑनलाईन प्रशिक्षण का आयोजन</u>**

30 जुलाई, 2025 को आपदा प्रबंधन विभाग में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से NIC द्वारा विकसित सम्पूर्ति पोर्टल के नवीन मॉड्यूल संबंधित ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राज्य के आपदा प्रबंधन प्रणाली को अधिक प्रभावी एवं दक्ष बनाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण पहल करते हुए, आपदा सम्पूर्ति पोर्टल में कई नए मॉड्यूल सम्मिलित किए गए हैं। इन मॉड्यूलों की प्रभावशाली उपयोगिता सुनिश्चित करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों एवं तकनीकी कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से उपरोक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान आपदा प्रबंधन विभाग के संयुक्त सचिव मो. नदीमुल गफ्फार सिद्दीकी ने जिलावार संपूर्ति पोर्टल के अपडेशन संबंधी समीक्षा की तथा कई आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विगत वर्षों में संपूर्ति पोर्टल पर लाभार्थियों की सूची में कोई त्रुटि रह गई हो तो उसे शीघ्र त्रुटिरहित करना सुनिश्चित करें। साथ ही आधार सीडिंग के लिए PFMS रिजेक्टेड लाभुकों की सूची को दुरुस्त करने के भी निदेश दिए।

उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में **अररिया, अरवल, औरंगाबाद, बांका, बेगूसराय, भागलपुर, भोजपुर, बक्सर, दरभंगा, पूर्वी चंपारण (मोतिहारी), गया, गोपालगंज, जमुई, जहानाबाद, कैमूर (भभुआ), कटिहार, खगड़िया, किशनगंज, लखीसराय** जिले के सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी, सम्पूर्ति पोर्टल के नोडल पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, जिला एवं अंचल स्तर के प्रोग्रामर, तथा डाटा इन्ट्री ऑपरेटर शामिल हुए।